# आपातकालीन वार्ड में चिकित्सा कर्मियों की अनुपस्थिति का वीडियो वायरल

- पीएचसी भैंसली गांव का मामला, वीडियो वायरल होने पूरे स्टाफ को किया एपीओ
- ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, बीसीएमओ को सौंपा ज्ञापन, निर्दोष कार्मिकों बहाली नहीं करने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

**सादुलपुर, ( निसं )।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के भैंसली गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का सोशल मीडिया पर आपातकालीन वार्ड में चिकित्सा कर्मियों की अनुपस्थिति का वीडियो वायरल होने के बाद सीएमएचओ मनोज शर्मा ने गुरूवार को पूरे स्टाफ को एपीओ कर दिया गया है। वहीं इस कार्यवाही के विरोध में सीएमएचओ के इस फैसले से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी कर्मचारी ने लापरवाही की है, तो केवल दोषी पाए गए कार्मिक पर ही कार्रवाई होनी चाहिए, न कि पूरे स्टाफ पर। वहीं इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने बीसीएमएचओ मनोज झाझडिया को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने निर्दोष कर्मियों को वापस भैंसली पीएचसी में पदस्थापित करने की मांग की।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि व्हाट्सएप वीडियो के माध्यम से आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को लेकर शिकायत सामने आई थी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे विभागीय कार्रवाई का विरोध नहीं करते, लेकिन सभी को दोषी मानकर सामूहिक रूप से एपीओ करने की कार्रवाई करना न्याय संगत नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष कार्मिको को पुनः भैंसली पीएचसी में पदस्थापित नहीं किया गया, तो वे धरना-प्रदर्शन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को बंद करवाने जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप, अनिल कुमार, छाजूराम, फतेसिंह, उमेद सिंह, अशोक कुमार, रिछपाल, नवीन कुमार सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे।

वहीं राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के भैंसली गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का सोशल मीडिया पर आपातकालीन वार्ड में चिकित्सा कर्मियों की अनुपस्थिति का वीडियो वायरल होने के बाद सीएमएचओ मनोज शर्मा ने गुरूवार को पूरे स्टाफ को एपीओ कर दिया। सभी कार्मिको को एपीओ करने पर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। तथा इस कार्रवाई को गलत बताया है तथा पीएचसी बंद करवाने की चेतावनी दी।

## निहारिका का कविता प्रतियोगिता के लिए चयन

**डूंडलोद, ( निसं )।** भारत सरकार महा नियंत्रक बौद्धिक संपदा कार्यालय द्वारा आयोजित स्कूली छात्र-छात्राओं की कविता प्रतियोगिता मे विद्यालय की बाल कवयित्री निहारिका का शीर्ष एक सौ प्रतिभागियों में चयन हुआ। सम्मान समारोह के अवसर पर प्राचार्य धनन्जय लाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन विद्यालय का कोई ना कोई विद्यार्थी कभी विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में, कभी ओलिंपियाड में, कभी खेलों में तो कभी साहित्यिक गतिविधियों जैसे अंठोजी या हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिताओं या स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है।

## टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित

**सीकर।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान भढाडर में विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने एवं बोर्ड में बेहतर अंक प्राप्त करने हेतु प्रत्येक रविवार को बोर्ड क्लासेस का टेस्ट आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट में महीने भर की पढ़ाई से संबंधित प्रत्येक विषय के प्रश्न दिए जाते हैं व पारदर्शिता के साथ पेपर की जांच का कार्य किया जाता है। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि संस्थान के रिजल्ट में निकिता डारा, ज्योति गोदारा, जिया मीना, आरती सुथार एवं भवानी सिंह भाटी ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया एवं दिव्या सुथार, खुशबू सुथार, दिलीप गुर्जर और रोहित बिश्नोई ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया तथा स्नेहा तेली, समरवीर सिंह और विजय सैन ब्रांज मैडल हासिल किया। संस्थान के टॉप रहे विद्यार्थियों को निदेशक रामनिवास ढाका, चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ विजेंद्र मलिक ने संस्थान के विद्यार्थियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

# पिपराली पंचायत समिति में जागरूकता रैली व बेटी जन्मोत्सव मनाया

- रैली से महिला हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने, बाल विवाह रोकने, बेटियों को शिक्षित करने एवं नारी सम्मान को बढ़ावा देने का संदेश दिया
- कार्यक्रम के समापन पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं इसे समाप्त करने का संकल्प लिया।



पिपराली पंचायत समिति परिसर स्थित अम्बेडकर भवन में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**सीकर, ( निसं )।** पिपराली पंचायत समिति परिसर स्थित अम्बेडकर भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़े के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र चौधरी ने की। इस अवसर पर सरपंच संतोष मूड़, वार्ड पंच पवन शर्मा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजीत शर्मा, राजीविका क्लस्टर मैनेजर सुशीला, बाल विकास परियोजना कार्यालय से सरिता एवं महिला पर्यवेक्षक की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में पंचायत समिति क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं, बालिकाएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जागरूकता रैली का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि मुकेश एवं ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी दुर्गा देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं तथा सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से महिला हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने, बाल विवाह रोकने, बेटियों को शिक्षित करने एवं नारी सम्मान को बढ़ावा देने का सामूहिक संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक राजेन्द्र चौधरी द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नवजात बालिकाओं की माताओं को संकल्प पत्र, बेबी किट एवं खेस वितरित कर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बेटियाँ समाज की नींव हैं, उनके संरक्षण, शिक्षा एवं सम्मान के बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है।

इस अवसर पर विकास अधिकारी जरनैल सिंह सैनी एवं सहायक विकास अधिकारी बागुराम गुर्जर की भी विशेष उपस्थिति रही। वहीं अध्यापिकाएं सुमित्रा एवं सरिता ने बालिकाओं के साथ रैली में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित सभी मातृशक्ति, अधिकारियों एवं अतिथियों ने हस्ताक्षर कर बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं इसे जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया।

# घायल की उपचार के दौरान मौत, मामला दर्ज

**सादुलपुर, ( निसं )।** गांव भोजाण निवासी एक मोटरसाईकिल चालक युवक को राजगढ हिसार एनएच 52 पर इन्दासर के पास एक बोलेरो गाडी के चालक द्वारा तेजगति व लापरवाही से गलत दिशा में लाकर बोलेरो की टकर मारने से मोटरसाईकिल चालक की उपचार के दौरान अग्रोहा के अस्पताल में मौत हो गई। गुरूवार को अनुसंधान अधिकारी श्यामलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि बंशीलाल पुत्र भीमाराम मेघवाल निवासी भोजाण पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू ने दर्ज मामले में बताया है कि उसका भतीजा अरूण पुत्र शुभराम मेघवाल निवासी भोजाण तहसील राजगढ जिला चूरू 30 नवम्बर को उनके घर से गांव ताम्बा खेडी जाने के लिये अपनी मोटरसाईकिल से रवाना होकर राजगढ से हिसार हाईवे सडक मार्ग पर गांव इन्दासर के नजदीक पहुंचा तो सामने से एक वाहन बोलेरो गाडी को उसका चालक तेज गति व लापरवाही से चलाता हुआ गलत दिशा में आकर सामने से टक्कर मारी, जिससे उसके भतीजे अरूण के गम्भीर चोटें आई। अरूण अपनी मोटरसाईकिल को सडक के बांयी तरफ अपनी सही दिशा में चलाकर ले जा रहा था, जबकि उक्त बालेरो गाडी को उसका चालक दांयी तरफ से गलत तौर पर बांयी दिशा में जा रही सडक की तरफ तेज गति से लेकर आया और टक्कर मार दी है। घटनास्थल के नजदीक दुकान पर मौजूद व्यक्तियों ने मौका पर भागकर अरूण को सम्भाला तथा उसे इलाज हेतु सिवानी अस्पताल में तथा वहां से सिविल अस्पताल हिसार में ले जाकर भर्ती करवाया, जहां से रेफर करने पर अग्रसेन हॉस्पिटल अगरोहा में ले जाकर भर्ती करवाया। 3 दिसम्बर को उसके भतीजे अरूण की उक्त दुर्घटना में आई चोटों के कारण अग्रोहा के अस्पताल में मृत्यु हो गई। राजगढ थाना पुलिस मृतक अरूण का गुरूवार दोपहर को पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है तथा मामला दर्ज जांच शुरू करदी है।

## छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित

**पाटन।** तहसीलदार सतवीर सिंह यादव के एसडीएम पद पर पदोन्नत होने की खुशी में नीलम यादव (अध्यापिका) एमजीजीएस पुरानाबास ने समस्त छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरण कर अपनी खुशी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश देवी कृष्नियाँ (सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पुराना बास) ने की। समारोह में मुख्य अतिथि राजेश टेलर (अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी), सवाई राम (प्रिन्सिपल एमजीजीएस पुरानाबास), सुनीता शर्मा, बीजू शर्मा, समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। समारोह में समस्त अतिथियों का साफा बाँध कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर एसीबीईओ ने अपने संबोधन में नीलम यादव का इस नेक कार्य (स्वेटर वितरण) के लिए तथा अपनी खुशी को सभी विधार्थियों में बाँटने के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# सीकर जिले का राज्य स्तर पर सम्मान किया

- विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की बेस्ट प्रैक्टिसेज प्रेजेंटेशन के लिए सम्मान किया

**सीकर।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम जो स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार और आरएससीईआरटी उदयपुर के सहयोग से पूरे राजस्थान में चलाया जा रहा है, इसकी एक दिवसीय समीक्षा और कन्वर्जेंस कार्यशाला जयपुर में राज्य से 33 जिलों से डाइट प्राचार्य और चिकित्सा विभाग से आरसीएचओ के साथ कार्यशाला रखी गई, जिसमें चार जिलों उदयपुर ,दोसा, धौलपुर और सीकर ने अपने जिले में चल रहे कार्यक्रम की बेस्ट प्रैक्टिसेज को राज्य स्तर पर प्रस्तुत किया। इसके लिए 33 जिलों में से इन चार जिलों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरएससीईआरटी उदयपुर की प्रोफेसर आभा शर्मा ने बताया कि राजस्थान में तीन चरणों में यह कार्यक्रम चला है और अब राज्य के सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम विधिवत रूप से संचालित है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 9 जिलों में फिर, सत्र 2024-25 में 12 जिलों में और इस सत्र से 12 जिलों में शुरू किया गया है इसके लिए 11 आयामो पर प्रत्येक मंगलवार को 1 घंटे का सत्र विद्यालय में प्रशिक्षक द्वारा लिया जाता है। कार्यक्रम में प्रतीक चिन्ह आरएससीईआरटी प्रोफेसर आभा शर्मा एसएलओ शंकर लाल गुप्ता यूएनएफपीए के स्टेट हेड दीपेश गुप्ता के द्वारा सीकर जिले की डाईट प्रिंसिपल किरण सैनी, आरसीएचओ डॉक्टर विशाल भड़िया और एसएचडब्ल्यूपी स्टेट रिसोर्स पर्सन राज कमल जाखड़ को प्रदान किया। डायट प्राचार्य किरण सैनी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में दो एम्बेसडर एक विज्ञान शिक्षक और एक शारीरिक शिक्षक को नियुक्त कर कक्षा 6 से 12 के लिए प्रत्येक विद्यालय में दो मैसेंजर नियुक्त किए गए हैं, जो विद्यालय में स्वयं इन सत्रों को संचालित करते हैं। स्टेट रिसोर्स पर्सन राजकमल जाखड़ ने बताया कि विद्यालय में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पहली बार एक ऐसा प्रोग्राम है, जो शिक्षा से हटकर उसके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित है। उसके स्वास्थ्य और पोषण उसकी आवश्यकता, उसकी मानसिक स्थिति, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग साइबर सुरक्षा आदि पर फोकस किया गया है। उन्होंने सीकर जिले की स्कूलों में किए गए कार्य को राज्य स्तर पर प्रस्तुत किया इसके साथ ही साथ इसके माध्यम से हुए बदलाव को भी दर्शाया गया उन्हें उदाहरण देते हुए बताया कि इस प्रोग्राम के बाद विद्यार्थियों में पोषण संबंधी आवश्यकताओं में बदलाव करने और पिंक और ब्लू टैबलेट्स का वितरण सही होने पर विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन के स्तर में सुधार देखने को मिल रहा है।

## झुंझुनूं जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

**झुंझुनूं, ( निसं )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा देशभर में वोट चोरी का खुलासा करने के बाद देश में लोकतंत्र एवं प्रजातंत्र की रक्षा करने तथा भाजपा द्वारा लोकतंत्र पर किए गए प्रहार के विरुद्ध देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 14 दिसंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में देशव्यापी वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इसके लिए 50 हजार से अधिक कांग्रेस जनों के दिल्ली पहुंचने का लक्ष्य रखा है। जिलाध्यक्ष मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने जानकारी दी कि इसी क्रम में छह दिसंबर शनिवार को सुबह 11.15 बजे मोदी रोड पर विद्यार्थी भवन (जाट बोर्डिंग) स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं द्वारा जिला प्रभारी रामसिंह कस्वां के निर्देशन में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से दिल्ली में होने वाली वोट चोर- गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर होने वाली इस मीटिंग में जिले के कांग्रेस सांसद, विधायक, विधायक प्रत्याशी, पंचायतीराज एवं नगर निकायों के प्रतिनिधिगण, निवर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल, नगर कांग्रेस कमेटी एवं बूथ कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, अठिम संगठन कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई मय कार्यकारिणी तथा समस्त विभाग-प्रकोष्ठ मय कार्यकारिणी एवं समस्त कांग्रेसजन भाग लेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को गति दें : एसीजेएम

**रतनगढ़, ( निसं )।** आगामी 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय परिसर रतनगढ़ में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति सुरेंद्र कौशिक ने की।बैठक में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़, बार संघ अध्यक्ष मनीष शर्मा, अधिवक्ता तथा एसबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, राजस्थान ग्रामीण बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा रतनगढ़ के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशों के अनुरूप लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले प्री-लिटिगेशन मामलों के अधिकतम निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि लोक अदालत आमजन को शीघ्र, सुलभ और सस्ते न्याय का प्रभावी माध्यम है। इसलिए संबंधित विभाग एवं बैंक अपने लंबित मामलों की सूची समय पर तैयार कर न्यायालय को उपलब्ध करवाएं, ताकि लोक अदालत के दिन अधिकतम प्रकरणों का समाधान किया जा सके।

# मांगलिक अवसरों पर पौधारोपण मुहिम लगातार जारी

- वन विभाग की भूमि पर सात पौधों का रोपण किया गया



सिरोही-मावंडा बायपास रोड स्थित वन विभाग की भूमि पर पौधारोपण किया।

**पाटन।** सामाजिक सरोकारों में सदैव अग्रणी अग्रवाल समाज नीमकाथाना द्वारा प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को समर्पित विशेष पौधारोपण अभियान निरंतर जारी है। इसी श्रृंखला में गुरुवार को सिरोही-मावंडा बायपास रोड स्थित वन विभाग की भूमि पर सात पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक लोगों से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल प्रकृति को संवारता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि प्री-वेडिंग शूट रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में समाज द्वारा प्री-वेडिंग शूट के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसे सर्वसमाज द्वारा सराहनीय सहयोग मिल रहा है। समाज प्रतिनिधियों का कहना है कि ऐसे जागरूकता प्रयास सामाजिक मूल्यों को मजबूत बनाने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करते हैं।समिति द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस पहल के तहत समिति सदस्य सगाई समारोह के बाद संबंधित परिवारों से मिलकर उन्हें भारतीय संस्कृति एवं प्रकृति अनुरूप मांगलिक आयोजन करने हेतु प्रेरित करते हैं।पौधारोपण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक परिवार द्वारा प्रति पौधा सशुल्क सहयोग राशि प्रदान की जाती है, जिसके बदले पौधों की 3 वर्ष तक देखरेख की जिम्मेदारी माइनिंग वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निभाई जा रही है। समाज का मानना है कि आने वाले समय में यह मुहिम एक बड़ा जनअभियान बनेगी और समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़ेगा।

## फतेहपुर विधानसभा हो केंद्रीय विद्यालय की स्थापना : ओला

**झुंझुनूं, ( निसं )।** सांसद बृजेंद्रसिंह ओला ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाली झुंझुनूं लोकसभा की फतेहपुर विधानसभा में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने की मांग सरकार के समक्ष रखी है। सांसद ने कहा कि फतेहपुर कस्बा एक उपखंड मुख्यालय है तथा यहां के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सीकर या अन्य दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है, जो विशेषकर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए कठिन है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से स्थानीय बच्चों को अनुभवी शिक्षकों, राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम और बेहतर शैक्षिक वातावरण का लाभ मिलेगा। कहा कि फतेहपुर में केवी खुलने से पूरे क्षेत्र को उच्च स्तरीय शिक्षा की सुलभ सुविधा मिलेगी और शिक्षा के क्षेत्र में यह इलाका और अधिक प्रगति करेगा। सांसद ने भारत सरकार से आग्रह किया कि फतेहपुर विधानसभा में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की जाए। जिससे आमजन को फायदा मिल सके।

## सार-समाचार

### भागवत कथा का विधिवत समापन

**झुंझुनूं।** श्री भैरिया बड़ श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन हुआ। कथा के संयोजक विप्र सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व भाजपा नेता महेश बासावतिया ने बताया कि व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी सतंदास महाराज ने कथा में श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा में परमेश्वरलाल सिंगोदिया का विशेष सहयोग रहा। समापन समारोह में विप्र सेना जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा, रामचंद्र पाटोदा व पुजारी सेवक महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

### 'जाति-पाति से उपर उठकर आमजन जरूरतमन्द की सेवा करें'

**चूरू।** चूरु देपालसर रोड़ स्थित मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को लक्ष्मणराम महला की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित किया गया। सचिव अंजू नेहरा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदासर के महंत दयानाथ महाराज, मौलीसर बणीधाम के महंत स्वामी कृपाचार्य महाराज व दौसा के बालकनाथ महाराज ने मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पहले अतिथियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। गिरधारीलाल नेहरा ने स्वर्गीय लक्ष्मणराम महला की जीवनी पर प्रकाष डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदासर के महंत दयानाथ महाराज ने कहा कि जाति पाति से उपर उठकर आमजन को जरूरतमन्द मनुष्य की सेवा करनी चाहिए। वही मोलीसर बणीधाम के स्वामी कृपाचार्य महाराज ने कहा कि व्यक्ति को नशे की प्रवृति से दूर रहना चाहिए और हर व्यक्ति को स्वर्गीय लक्ष्मण राम महला द्वारा किए गए अच्छे कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अतिथियों ने मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान की जमीन के दानदाता हनीफ खान नशवाण को लक्ष्मण राम महला प्रथम स्मृति पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर बच्चों व राजलदेसर की कलाकार द्वारा कालबेलिया नृत्य की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कर्माबाई जाट महिला संस्था की अध्यक्ष अलका चौधरी, ब्रह्माकुमारी सुमन, दौलतराम सहाराण भगवानराम जाखड़, हनुमान महला, अश्वनी महला, रामलाल, कुम्भाराम, प्रेम स्वामी, गोपीराम महला, शिवलाल सिहाग, दलिप सरावग, डॉ सत्यनारायण झाझड़िया, जसवीर गोदारा, प्रो डीसी सहारण, प्रो एचआर इसराण, रणवीर सिंह सहारण, इलियास खान नसवान, गिरधारी लाल नेहरा, गिरधारी तंवर सहित अनेक महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश सोनी ने किया सचिव अंजू नेहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### क्यामसर में बनेगा तेजाजी महाराज का मंदिर

**चिड़ावा, ( निसं )।** राष्ट्रीय जाट महासंघ के सानिध्य में चिड़ावा तहसील के क्यामसर गांव में लोक देवता तेजाजी महाराज का एक भव्य मंदिर निर्मित होने जा रहा है। इस मंदिर परिसर में तेजाजी महाराज की 165 फीट ऊंचाई की विशाल शिखर (गुम्बद) बनेंगी। मंदिर का निर्माण पांच बीघा जमीन के विस्तृत क्षेत्र में प्रस्तावित है। मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को सूरजगढ़ बाईपास तिराहा स्थित भूकर फार्म हाउस से हुई। यहां राष्ट्रीय जाट महासंघ के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में युवा नेता सुरेश भूकर के नेतृत्व में मंदिर के पोस्टर का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र क्यामसरिया ने इस अवसर पर बताया कि चिड़ावा से विधिवत रूप से इस विशाल निर्माण कार्य की शुरुआत की घोषणा की गई है। इस पहल का उद्देश्य समाज में एकता और लोक आस्था के केंद्र को मजबूत करना है। 165 फीट की गुम्बद राजस्थान में तेजाजी महाराज की सबसे ऊंची गुम्बद में से एक होगी, जो क्यामसर को धार्मिक मानचित्र पर एक विशेष पहचान दिलाएगी। पोस्टर विमोचन के इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासंघ और अन्य सामाजिक संगठनों के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र क्यामसरिया, कंवरपाल बलवदा जिला समाज महामंत्री, कुलदीप मान जिला प्रभारी, विक्रम लांबा युवा तेजा सेना ब्लॉक अध्यक्ष, हरीश फोगाट ब्लॉक सचिव, कैप्टन सुरेंद्र महला ब्लॉक उपाध्यक्ष, शिक्षाविद रामसिंह नेहरा, उत्तम पूनियां, विजय पहलवान, करणसिंह बाल्याण, राकेश चौधरी, अमित झाझड़िया, संदीप मान, कुलदीप मील, सुबेसिंह यादव, युवा प्रवक्ता विकास पायल आदि मौजूद रहे। इनके अतिरिक्त, समाज के कई अन्य उत्साही लोग भी इस धार्मिक और सामाजिक पहल के साक्षी बने। इस दौरान सभी ने मंदिर निर्माण में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

### राजकीय कॉलेज पाटन में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक उत्सव का आग़ाज़

**पाटन।** राजकीय महाविद्यालय पाटन में आज से तीन दिवसीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और उमंग के बीच हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को रचनात्मकता तथा अभिव्यक्ति के निखार हेतु निरंतर अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रतिभा पहचानने का उत्कृष्ट मंच होते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. योगेश कुमार सबल तथा कार्यक्रम प्रभारी किरण यादव ने बताया कि पहले दिन भाषण, आशु भाषण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वाद-विवाद का विषय समाज के हित में है या नहीं रखा गया, जिस पर प्रतिभागियों ने तकनीकी प्रगति, नैतिकता और सामाजिक प्रभावों पर तार्किक व प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा जिसमें प्रथम स्थान सहीराम गुर्जर,द्वितीय स्थान नचिता,तृतीय स्थान फिजा बानो रही।निर्णायक मंडल में सहायक आचार्य रितु शर्मा, डॉ. धर्मवीर कुमावत एवं डॉ. सुम्मैया शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत सफल, समयोपयोगी एवं बौद्धिक दृष्टि से समृद्ध बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक आचार्य ज्योति शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि परिणामों का संकलन सहायक आचार्य सरोज गुर्जर, जितेंद्र मीणा एवं प्रयोगशाला सहायक डॉ. सीता मीणा द्वारा किया गया।

### इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**चूरू।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा चूरू द्वारा गांव पोटी में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चूरू रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोटी में 107 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटरों का वितरण किया गया। स्वर्गीय सेठ मुरारी लाल सराफ की पुण्य स्मृति में पुत्र भरत सराफ के सौजन्य से सोसायटी के श्यामसुंदर शर्मा, रघुनंदन शर्मा सचिव एवं जगदीश प्रसाद शर्मा के कर कमलों से स्वेटरों का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग के सीडीओ कार्यालय के एडीओ बृजेंद्र दाधीच की अध्यक्षता में श्यामसुंदर शर्मा ने रेड क्रॉस सोसाइटी का परिचय दिया साथ ही इस विद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 में छात्र संख्या 250 होने पर समस्त विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण करने की घोषणा की। समिति के सचिव रघुनंदन शर्मा ने कार्यों की जानकारी दी। समिति के कार्यक्रम संयोजक जगदीश प्रसाद शर्मा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित सुविधाओं से अवगत कराया। ग्रामवासी महावीर प्रसाद पूनिया, नरेंद्र सिंह राठौड,.सांवरमल जांगिड़, मुमताज खान, सुभान खान, अनिल शर्मा आदि ने विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने का संकल्प लिया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, सीकर**

क्रमांकःLU2012/SIK/2025-26/100698 दिनांकः04/12/2025

**लोक सूचना**

श्रीमति GEETA ARYA पत्नी श्री PYARELAL ARYA जाति JAAT निवासी KUDLI, KATRATHAL श्रीमति RUPI DEVI पत्नी श्री MOHAN SINGH जाति JAAT निवासी DEEPSHIKHA, NEAR TAGORE SCHOOL, BHAGAT SINGH COLONY, NAWALGARH ROAD, SIKAR श्रीमति SOHANI DEVI पत्नी श्री RAJENDRA SINGH MAVAL जाति JAAT निवासी WARD NO. 34, MUSLIM MUSAFIR KHANA KE PASS, SHEKHPURA MOHALLA, SIKAR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालाजी भैरूजी नगर, सीकर (सीकर) | 1. GEETA ARYA W/O PYARELAL ARYA 2. RUPI DEVI W/O MOHAN SINGH 3. SOHANI DEVI W/O RAJENDRA SINGH MAVAL | 662 | 20300 | 2.03 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-() आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 04-12-2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, सीकर